17-8-24

कार्यालय जनपद न्यायाधीश, हमीरपुर।

नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिये जनपद न्यायालय, हमीरपुर के प्रांगण में स्थित कैन्टीन (जलपान गृह) की नीलामी पुनः दिनांक 22.08.2024 को समय सायं 4.00 बजे नियत की गयी है। उक्त तिथि के अन्दर इच्छुक व्यक्ति निम्न शर्तो सहित आवेदन पत्र दाखिल करने हेतु दिनांक 22.08.2024 को समय 1.00 बजे अपरान्ह तक प्रस्तुत कर सकते है।

1. कैंटीन (जलपानगृह) को वित्तीय वर्ष 2024–25 के लिये प्रांप्त करने हेतु आवेदन पत्र के साथ प्रत्येक बोलीदाता को जमानत धनराशि के रुप में मु0 10,000/– रुपये (दस हजार रुपये) नगद दिनांक 22.08.2024 को 01.00 बजे अपरान्ह तक इस कार्यालय में जमा करनी होगी। मु0 2,22,200/–रू0 (दो लाख वाइस हजार दौ सौ रुपये) से कम की कोई भी बोली स्वीकार नहीं की जायेगी।

2. जिस व्यक्ति की नीलामी धनराशि अधिक होगी वह स्वीकार की जायेगी तथा उसे सम्पूर्ण धनराशि का 1/4 अग्रिम किस्त के रुप में तुरन्त कार्य आरम्भ करने के पूर्व जमा करना होगा तथा उसे अपने कार्यो का लिखित अनुबन्ध पत्र भी दाखिल करना पड़ेगा। उसके द्वारा जो जमानत धनराशि जमा की जायेगी उसे इस कार्यालय में जमा कर लिया जायेगा, जिसे अन्तिम किस्त में समायोजित किया जायेगा। नीलामी स्वीकृति की तारीख से 7 दिन के अन्दर ठेकेदार को अपना हैसियत प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा अथवा ऐसा न करने पर ठेके की सम्पूर्ण धनराशि कार्य करने के पूर्व प्रस्तुत करनी होगी।

कैंटीन (जलपानगृह) से सम्बन्धित नीलामी एवं कार्य करने की अन्य शर्तो की विस्तृत जानकारी नजारत अनुभाग से कार्यालय समय पर की जा सकती है।

अध्यक्ष
नीलामी समिति/ADJ No1
जनपद न्यायालय, हमीरपुर।

सूचनार्थ प्रतियां निम्न को प्रेषित।

1. श्रीमान ओ0एस0डी0(कम्प्यूटर)मा0उ0 न्यायालय,इलाहाबाद को मा0उ0 न्यायालय की वेबसाइट पर सूचना को प्रदर्शित किये जाने के अनुरोध सहित।
2. मा0 जनपद न्यायाधीश,हमीरपुर को सूचनार्थ।
3. .कार्यालय जिलाधिकारी, हमीरपुर।
4. जनपद न्यायालय,हमीरपुर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
5. नगर पालिका, हमीरपुर।
6. लोकनिर्माण विभाग, हमीरपुर।
7. जनपद न्यायालय,कानपुर नगर को सूचना पट पर चस्पा करने हेतु।
8. जनपद न्यायालय,कानपुर देहात को सूचना पट पर चस्पा करने हेतु।
9. जनपद न्यायालय,जालौन स्थान उरई को सूचना पट पर चस्पा करने हेतु।
10. जिला सूचना अधिकारी को निःशुल्क प्रकाशन हेतु।
11. सिस्टम ऑफिसर, जनपद न्यायालय, हमीरपुर को मा0 उ0 न्यायालय एवं जनपद न्यायालय, हमीरपुर की वेबसाइट पर सूचना को प्रदर्शित किये जाने हेतु।

13/8

अध्यक्ष
नीलामी समिति/ADJ No1
जनपद न्यायालय, हमीरपुर।